


# B.C.S. GOVT. P.G. COLLEGE,

## DHAMTARI (C.G.)

Jodhapur Ward, Dhamtari (C.G.) 493773
Email : pgcollege.dhamtari@gmail.Com, Website : http://bcspgcdmt.com

**3rd CYCLE NAAC ACCREDITATION 2021**

## CRITERION -3

### 3.4 Research, Innovations and Extension

3.4.3 **Number of extension and outreach Programmes conducted by the institution through NSS/ NCC/ Red Cross/ YRC etc.**

(Additional Document)

*Submitted to*

**THE NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL**

# B.C.S. GOVT. PG COLLEGE DHAMTARI (C.G.)

| | |
|---|---|
| **Name/Title Of Activity/Programme-** | **Malnutrition Prevention Campaign** |
| **Venue-** | Anganwadi Center (Center 01 & Center 02) Village- Tellinsatti |
| **Date Of Activity/Programme-** | 13.12.2019 |
| **Time-** | 10:00 Am To 3:00 Pm |
| **Place-** | Villege- Tellinsatti, District- Dhamtari |
| **No Of Participant-** | Boys-21, Girls-12 (Total-33) |
| **Chief Guest-** | Smt. Kachara Bai Dhruw (Sarpanch Tellinsatti) |
| **Special Guest-** | 01. V. Deshlahre (Anganwadi Sahayika)<br>02. Mr. Hari Narayan Teacher<br>03. Mr. Vishram Kumar Sinha<br>04. Mr. Trilochan Sinha<br>05. Mr. Ram Swarup |
| **Description Of Activity-** | Creating Awareness About Nutritional Challenges. |
| **Outcome-** | In the Anganwadi Centre No.1 and 2 in Gram Panchayat Telinsatti NSS Team of BCS Govt. P.G. college Dhamtari organized a campaign against mal-nutrition for collecting data regarding children with malnutrition and to appraise the district administration with the report. |








PRINCIPAL
Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

# कुपोषण मुक्ति अभियान

# बिरेतरा में कुपोषण पर हुआ व्याख्यान



धमतरी. बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई क्रमांक एक एवं इकाई क्रमांक दो सात दिवसीय विशेष शिविर में चौथे दिन कुपोषण पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया. प्रभातफेरी के पश्चात नियमित परेड, पीटी एवं योगा हुआ. रासेयो के स्वयंसेवको द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत परियोजना अधिकारी उमेश्वर नेताम के नेतृत्व में ग्राम बिरेतरा के मेन चौक के चौराहा के आसपास का परिसर, वार्ड क्र. 1 के नलों के आसपास साफ-सफाई एवं सोक्ता निर्माण, स्कूल के दायी ओर गली की सफाई, वृक्षारोपण स्थल की सफाई एवं अन्य स्थानों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया. तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में अजय कुमार साहू परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया की आकड़ों के अनुसार यदि हमारे शरीर में 14 ग्राम से कम रक्त है तो यह चिंतनीय प्रश्न है अतः स्वस्थ शरीर हेतु माता के शरीर में निर्धारित मात्रा में रक्त न होने पर पैदा होने वाले बच्चे में कुपोषण की संभावना बढ़ जाती है. हमारा पूरा सिस्टम ब्लड से ही चलता है यदि माता के शरीर में ही कम रक्त है तो बच्चा कुपोषित होगा ही. अतः यदि माता-पिता इस दिशा में समय रहते जागरूक हो जाए तो बच्चों में होने वाले कुपोषण को रोका जा सकता है. बौद्धिक परिचर्चा में विधि की प्राध्यापिका डॉ. सपना ताम्रकार ने महिला सशक्तिकरण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, सती प्रथा निवारण अधिनियम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उक्त दिशा में सदा जागरूक रहने का संदेश स्वयंसेवकों को दिया. बौद्धिक परिचर्चा के पश्चात स्वयंसेवकों ने ग्राम संपर्क, देशी खेलकूद, समीक्षा बैठक का आयोजन किया तथा अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम में युगल नृत्य, समूह नृत्य, समूह गान, नुक्कड़ नाटक के साथ दिन का समापन हुआ. उक्त समस्त कार्यक्रम में स्वयंसेवक गोपी कुर्रे, शिविर नायक योगेश साहू, उपशिविर नायक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सत्येन्द्र साहू, शिविर नायिका तारिणी, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र, मेष प्रभारी लुकेन्द, क्रीड़ा प्रभारी हेमंत यादव आदि का सहयोग रहा.

---

## कॉलेज में विश्व एड्स दिवस का आयोजन हुआ

नवभारत 03.12.19



धमतरी. शासकीय पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशानुसार एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. कोमल प्रसाद यादव, प्रो. पंकज जैन तथा यूथरेड क्रॉस सोसायटी प्रभारी डॉ. वेदवती देवांगन के नेतृत्व में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया. प्रो. पंकज जैन ने विश्व एड्स दिवस के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व एड्स दिवस पहली बार सन् 1988 में मनाया गया. प्रो. दुर्गेश प्रसाद ने इस अवसर पर बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एच. आई. वी एवं एड्स के बारे में जागरूक करने हेतु 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाने का निर्णय लिया था. डॉ. वेदवती देवांगन ने इस अवसर पर विश्व एड्स दिवस के मनाये जाने के उद्देश्यों की जानकारी विस्तृत रूप से दी. प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने अपने उद्बोधन में एच. आई. वी. के लक्षणों एवं बचावों के बारे में जानकारी दी. विश्व एड्स दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष एक दिसम्बर को किया जाता है, जिसके मनाये जाने का उद्देश्य लोगों को एड्स/एच. आई. वी. के प्रति जागरूक करना है. इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं विधि विभाग के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

---

## स्वयंसेवकों ने चलाया कुपोषण मुक्ति अभियान

नवभारत 14/12/2019

धमतरी. कलेक्टर जिला धमतरी एवं सीईओ जिला पंचायत धमतरी के निर्देशानुसार बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन में एवं रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कोमल प्रसाद यादव इकाई क्रमांक एक एवं प्रो. पंकज जैन इकाई क्रमांक दो के मार्गदर्शन में तथा रासेयो के स्वयंसेवकों के सहयोग से गोदग्राम तेलीनसत्ती में कुपोषण मुक्ति अभियान चलाया गया. उक्त अवसर पर पूरी टीम द्वारा गोदग्राम तेलीनसत्ती के दोनों आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चों की स्थिति का आंकलन किया गया. आंकलन के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक एक में 13 कुपोषित, 2 नवजात बच्चों को गंभीर कुपोषित एवं 10 बच्चों को सामान्य कुपोषित पाया गया. इसी तरह आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में कुल 10 कुपोषित बच्चों का वजन किया गया, जिसमें बच्चों को गंभीर कुपोषित एवं 9 बच्चों को सामान्य कुपोषित पाया गया. कुपोषण का मुख्य कारण बच्चों का अपने परिवार में सही पौष्टिक आहार को पर्याप्त मात्रा में न लेना पाया गया. जिसमें कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में चलाई जा रही सुपोषण चौपाल, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी जतन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना की प्रशंसा करते हुए पालकों को बच्चों को पर्याप्त पौष्टिक भोजन देने, रोटी, सब्जी, गाढ़ा दाल, चुकन्दर, अनार, मौसमी फल, रेडी टू ईट दलिया सहित पौष्टिक पदार्थ देने का सुझाव भी दिया गया. उक्त अवसर पर दोनों आंगनबाड़ी केन्द्रों में सभी कुपोषित बच्चों को कुपोषण के कारणों का पता लगाकर आंगनबाड़ी ...




**शिविर**

- तेलीनसत्ती में पीजी कॉलेज रासेयो की टीम ...
- बच्चों को पौष्टिक भोजन देने ...

... आवश्यक निर्देश भी दिए गए ताकि बच्चों के कुपोषण की स्थिति को समाप्त किया जा सके. उक्त अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा मंदिर परिसर, कला मंच, आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया. साथ ही ग्रामवासियों को नशामुक्ति, स्वच्छ भारत मिशन, सुपोषण अभियान, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के संरक्षण, आदर्श गौठान का निर्माण करने हेतु भी जागरूक किया गया. उक्त अभियान में रासेयो के दोनों इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सहित महेन्द्र साहू, देवेन्द्र, प्रेमराज, प्राची शर्मा, मनीषा सिन्हा, तुषार पांडे सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे.

---

## रासेयो... छात्रों ने चलाया कुपोषण मुक्ति अभियान



धमतरी | बीसीएस पीजी कॉलेज के रासेयो छात्रों ने गोदग्राम तेलीनसत्ती में कुपोषण मुक्ति अभियान चलाया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज कुपोषित बच्चों की स्थिति का आकलन किया। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक एक में 13 कुपोषित, 2 गंभीर कुपोषित एवं 10 बच्चे सामान्य कुपोषित मिले। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में 10 कुपोषित बच्चों का वजन किया गया, जिसमें एक गंभीर कुपोषित व 9 बच्चे सामान्य कुपोषित मिले। छात्रों ने गांव में कुपोषण होने के कारण बताए। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक व गर्म भोजन लेने आंगनबाड़ियों में जाने की अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पंकज जैन, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, प्रेमराज देवांगन, तुषार पांडे, मनीषा सिन्हा, महेन्द्र साहू, देवेन्द्र, प्रेमराज, प्राची शर्मा आदि उपस्थित थे।

---

नवभारत 14.12.2019

## पीजी कॉलेज धमतरी की रासेयो टीम जुटी

# तेलीनसत्ती में कुपोषण मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन एवं रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कोमल प्रसाद यादव इकाई क्रमांक एक एवं प्रो. पंकज जैन इकाई क्रमांक दो के मार्गदर्शन में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्रमांक दो के गोद ग्राम तेलीनसत्ती में रासेयो टीम द्वारा कुपोषण मुक्ति अभियान चलाया गया। उक्त अवसर पर रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पंकज जैन, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, स्वयंसेवक प्रेमराज देवांगन, तुषार पांडे, मनीषा सिन्हा आदि के साथ स्वयंसेवकों की पूरी टीम द्वारा गोद ग्राम तेलीनसत्ती के दोनों आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चों की स्थिति का आंकलन किया गया।



आंकलन के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक एक में 13 कुपोषित, 2 नवजात बच्चों को गंभीर कुपोषित एवं 10 बच्चों को सामान्य कुपोषित पाया गया। इसी तरह आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में कुल 10 कुपोषित बच्चों का वजन किया गया, जिसमें 1 बच्चे को गंभीर कुपोषित एवं 9 बच्चों को सामान्य कुपोषित पाया गया।

जांच के दौरान रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कोमल प्रसाद यादव, प्रो. पंकज जैन एवं स्वयंसेवकों की टीम द्वारा कुपोषण के उत्पन्न होने के कारणों की समीक्षा की गई। जिसमें कुपोषण के मुख्य कारण बच्चों का अपने परिवार में सही पौष्टिक आहार को पर्याप्त मात्रा में न लेना पाया गया। जिसमें कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में चलाए जा रहे सुपोषण चौपाल, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी जतन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना की प्रशंसा करते हुए पालकों को बच्चों को पर्याप्त पौष्टिक भोजन देने, रोटी, सब्जी, गाढ़ा दाल, चुकंदर, अनार, मौसमी फल, रेडी टू ईट दलिया सहित पौष्टिक पदार्थ देने का सुझाव भी दिया गया। उक्त अवसर पर दोनों आंगनबाड़ी केन्द्रों में सभी कुपोषित बच्चों को कुपोषण के कारणों का पता लगाकर आंगनबाड़ी संचालिका एवं उपस्थित पालकों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए ताकि बच्चों के कुपोषण की स्थिति को समाप्त किया जा सके।

उक्त अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा मंदिर परिसर, कला मंच, आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, साथ ही ग्रामवासियों को नशामुक्ति, स्वच्छ भारत मिशन, सुपोषण अभियान, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के संरक्षण, आदर्श गौठान का निर्माण करने हेतु भी जागरूक किया गया। उक्त अभियान में रासेयो के दोनों इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सहित महेन्द्र साहू, देवेन्द्र, प्रेमराज, प्राची शर्मा, मनीषा सिन्हा, तुषार पांडे सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# B.C.S. GOVT. PG COLLEGE DHAMTARI (C.G.)

| | |
|---|---|
| **Name/Title Of Activity/Programme-** | **3 Days Elector Verification Special Programme (EVP)** |
| **Venue-** | B.C.S. Govt. Pg College Dhamtari C.G. |
| **Date Of Activity/Programme-** | 03.10.2019 To 05.10.2019 |
| **Time-** | 11:00 AM To 4:00 PM Per Day |
| **Place-** | IT Building Of PG Collge Dhamtari |
| **No Of Participant-** | Boys-108, Girls-83 (Total-191) |
| **Guest-** | Dr. C.S. Choubey (Principal P.G. College Dhamtari)<br>Mr. P.B. Paradkar ( Retired Librarian )<br>Mr. Satyendra Kumar Sahu (Ex-Campus Ambassador) |
| **Description Of Activity-** | Motivate To Add Name To Voter List |
| **Outcome-** | 3 Days Special Online And Offline Programme Was Held In The College Premises. The Aim Of This Programme Was To Add The Name Of New Voter In The Voter List. This Programme Got Good Response At District And State Level. |
| **Outcome-** | In the Anganwadi Centre No.1 and 2 in Gram Panchayat Telinsatti NSS Team of BCS Govt. P.G. college Dhamtari organized a campaign against mal-nutrition for collecting data regarding children with malnutrition and to appraise the district administration with the report. |








# मतदाता सत्यापन अभियान

20 नईदुनिया रायपुर, गुरुवार 27 अक्टूबर 2016

जिला स्तरीय स्वीप

## स्वीप प्लान के तहत कॉलेज में हुई स्पर्धा

धमतरी। ब्यूरो

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में भारत निर्वाचन आयोग नईदिल्ली द्वारा स्वीप प्लान के तहत् जिला स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन स्पर्धाओं का आयोजन 25 अक्टूबर को किया गया।

परिचर्चा में प्रथम स्थान बीसीएस शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी के विधि विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र नारायण प्रसाद ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कुरुद कॉलेज के मंगेश कुमार साहू (एमए अंग्रेजी) रहे। निबंध लेखन में धमतरी कॉलेज के सोहन लाल बीएससी प्रथम वर्ष आईटी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अनिता यादव बीए-प्रथम, मगरलोड कॉलेज रही। वाद-विवाद में प्रथम स्थान धमतरी कॉलेज के सुदेश कुमार कंवर विधि भाग-एक, द्वितीय स्थान भखारा कॉलेज के छात्र वासु कुमार ने प्राप्त किया। नारा लेखन में प्रथम स्थान कुरुद कॉलेज के लोकेश कुमार बीएससी प्रथम आईटी, द्वितीय स्थान धमतरी कॉलेज के मयंक कुमार साहू ने प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान देवेन्द्र कुमार एवं साथी धमतरी कॉलेज ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान मगरलोड कॉलेज के लुकेश्वरी की टीम को मिला। सभी स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागिओं को 2000 रुपए और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 1000 रुपए प्राचार्य ने दिया। जिला स्तरीय स्पर्धाओं का संचालन स्वीप प्रभारी प्रो. कोमल प्रसाद यादव एवं प्रो. पंकज जैन ने किया। स्पर्धाओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. श्रीदेवी चौबे, डॉ. मनदीप खालसा, डॉ. अमर सिंह साहू, प्रो.ग्रेस कुजूर, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ. सपना ताम्रकार, प्रो. प्रेमनाथ भारती, पीबी पराडकर, डॉ. सरला द्विवेदी, प्रो. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. अविनाश निचत, डॉ. सरिता दुबे, प्रो. थानेश्वर गिरी, प्रो. किरण साहू ने निभाई।



स्पर्धा में भाग लेने वाले विद्यार्थी उत्साहित नजर आए।

नवभारत 27/10/2016

## स्वीप प्लान के तहत स्पर्धा का आयोजन

■ नवभारत समाचार। धमतरी.

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में स्वीप प्लान के संबंध में जारी निर्देशों के तहत जिला स्तरीय अर्न्तमहाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के मार्गदर्शन में किया गया.

परिचर्चा में प्रथम स्थान बीसीएस के विधि विभाग के अन्तिम वर्ष के छात्र नारायण प्रसाद ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय कुरूद के मंगेश कुमार साहू एम.अंग्रेजी ने प्राप्त किया. द्वितीय प्रतियोगिता निबंध लेखन में शासकीय महाविद्यालय धमतरी के सोहन लाल, बीएससी-प्रथम वर्ष आईटी के छात्र ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान कु. अनिता यादव बीए-प्रथम, शासकीय महाविद्यालय मगरलोड ने प्राप्त किया. तृतीय प्रतियोगिता वाद-विवाद में प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय धमतरी के सुदेश कुमार कंवर विधि भाग-एक के छात्र ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय भखारा के छात्र वासु कुमार ने प्राप्त किया. चतुर्थ प्रतियोगिता नारालेखन में प्रथम स्थान शासकीय महाविद्यालय कुरूद के लोकेश कुमार बीएससी प्रथम आईटी ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय धमतरी के मयंक कुमार साहू ने प्राप्त किया. अन्तिम प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान देवेन्द्र कुमार एवं साथी शासकीय महाविद्यालय धमतरी ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के लुकेश्वरी एवं साथी ने प्राप्त किया सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागिओं को 2000रू. नगद की धनराशि एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 1000रू. नगद धनराशि प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे द्वारा प्रदान की गई जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का संचालन स्वीप प्रभारी प्रो. कोमल प्रसाद यादव एवं प्रो. पंकज जैन के नेतृत्व में किया गया. प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. श्रीदेवी चौबे, डॉ. मनदीप खालसा, डॉ. अमर सिंह साहू, प्रो ग्रेस कुजूर, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ. सपना ताम्रकार, प्रो. प्रेमनाथ भारती, पीबी पराडकर, डॉ. सरला द्विवेदी, प्रो. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. अविनाश नीचत, डॉ. सरिता दुबे, प्रो. थानेश्वर गिरी, प्रो. किरण साहू ने निभाई. कार्यक्रम का संचालन प्रो. कोमल प्रसाद यादव में किया. एवं आभार प्रदर्शन प्रो. पंकज जैन ने किया. इस अवसर पर प्रो. पीसी चौधरी छात्रसंघ अध्यक्ष लक्की जैन, उपाध्यक्ष कु. दीपा सोनकर सहित बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



निर्वाचन आयोग के आदेश पर हो रहा सत्यापन हरिभूमि 7-10-2019

## मतदाता सत्यापन अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज >> धमतरी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-धमतरी के निर्देशानुसार मतदाता सत्यापन कार्यक्रम 1 सितम्बर से 15 अक्टूबर के तहत बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन एवं स्वीप प्रभारी पंकज जैन, प्रो. कोमल प्रसाद यादव एवं प्रभारी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में 3 से 5 अक्टूबर तक महाविद्यालय के आई.टी. भवन में तीन दिवसीय मतदाता सत्यापन विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी प्रो पंकज जैन, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, प्रो. पीसी चौधरी, प्रो. राजेश चौरसिया, प्रो. हरप्रीत सिंह आनंद, प्रो. भूपेन्द साहू, प्रो. अभिषेक मिश्रा, संतोष साहू, सूरज सोनकर एवं कैम्पस अम्बेसडर छात्र महेन्द्र कुमार साहू एवं लकेश्वरी साहू, तुषार पान्डे, कु. प्राची शर्मा के मार्गदर्शन में 3 से 5 अक्टूबर तक महाविद्यालय में अध्ययनरत 1 जनवरी 2020 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं के ऑनलाईन वोटर कार्ड बनाने एवं पूर्व के बने हुए वोटर कार्ड में वैरीफिकेशन करने का कार्य किया गया। तीनों ही दिन समस्त संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा वोटर कार्ड सत्यापन कराने हेतु काफी उत्साह नजर आया एवं एन.व्ही.एस.पी. की साईड एवं वोटर हेल्पलाईन मोबाईल एप के काफी व्यस्त होने के बाद भी छात्र-छात्राओं एवं उनकी फैमिली के वोटर कार्ड सत्यापन कार्य किया गया।

महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं से वोटर कार्ड बनवाने एवं वैरीफिकेशन की अपील करते हुए कहा कि तीन दिवसीय शिविर भले ही सम्पन्न हो गया है लेकिन अभी भी 15 अक्टूबर तक आप अपने एवं अपनी फैमिली के वोटर कार्ड बनवाने एवं वैरीफिकेशन का कार्य एन.व्ही.एस.पी. एवं वोटर हेल्पलाईन, मोबाईल एप के माध्यम से कर सकते है। प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने तीन दिवसीय विशेष शिविर में सहयोग हेतु समस्त स्टॉफ, छात्र-छात्राओं को धन्यवाद प्रेषित किया।

अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे ने बताया कि धमतरी जिले में समस्त कॉलेजों को हमारे द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से ऑनलाइन वोटर कार्ड बनवाने एवं वैरीफिकेशन का निर्देश दिया गया है एवं यह अभियान 15 अक्टूबर तक चलेगा।



## कॉलेज में मतदाता दिवस का आयोजन





■ नवभारत समाचार। धमतरी.

26-01-2017

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई. मताधिकार सबका अधिकार, वोटरलिस्ट में नाम लिखाए, वोटर कार्ड सभी बनवाए, करे राष्ट्र का जो उत्थान, करे उसी को हम मतदान, लोकतंत्र का यह आधार-वोट न हो कोई बेकार, घर-घर अलख जगाएंगे -मतदाता जागरूक बनाएंगे, युवा हो तुम देश की जान-जागो, उठो, करो मतदान जैसे विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया. तत्पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया द्वारा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अतिथि, संविदा, जनभागीदारी प्राध्यापकों समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार को प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई. उक्त रैली एवं शपथ में डॉ. मनदीप खालसा, डॉ. हेमवती ठाकुर, डॉ. एएस साहू, प्रो. पीसी चौधरी, प्रो. प्रभा बेलुलकर, प्रो. प्रो. ग्रेस कुजूर, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, डॉ. सपना ताम्रकार, केके ध्रुव, प्रो. प्रवीण कृष्णन, प्रो. श्यामसुंदर, प्रो. सुनीता, प्रो. दिव्या, प्रो. ममता साहू, प्रो. अभिषेक, प्रो. राजेश चौरसिया, प्रो. प्रीति पांडे, प्रो. सीमा साहू सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा शामिल थे

PRINCIPAL
Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

# B.C.S. GOVT. PG COLLEGE DHAMTARI (C.G.)

| | |
|---|---|
| **Name/Title Of Activity/Programme-** | **Swachh Bharat Summer Internship Programme** |
| **Venue-** | B.C.S. Govt. Pg College Dhamtari C.G. |
| **Date Of Activity/Programme-** | 25.06.2018 To 02.07.2018 (First Stage)<br>19.07.2018 To 26.07.2018 (Second Stage) |
| **Time-** | 9:00 Am To 6:00 Pm Per Day |
| **Place-** | Villege- Tellinsatti, District- Dhamtari |
| **No Of Participant-** | Boys-11, Girls-09 (Total-20) |
| **Chief Guest-** | Smt. Kachara Bai Dhruw (Sarpanch Tellinsatti) |
| **Special Guest-** | Mr. Rakesh Sinha (Upsarpanch)<br>Dr. C.S. Choubey (Principal P.G. college dhamtari)<br>Dr. A.S. Sahu ( District Organizer NSS Dhamtari)<br>Mr. Satyprakash<br>Mr. Dhaniram Sinha<br>Mr. Gyanesh Sinha |
| **Description Of Activity-** | Social awareness for cleanliness |
| **Outcome-** | The Man Objective Of 15 Days "Swachh Bharat Summer Internship Programme" In Tellinsatti Panchayat Is To Make The People Of The Village Aware Of The Programme Of Cleanliness. This Programme Was Organized To Send A Message For Cleanliness To The Citizens Of The Country. The Programme Was Praised By The People Of The State And Admired In The National Level Also. |










PRINCIPAL
Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

Swachh Bharat Summer Internship

हाईवे चैनल रायपुर | शुक्रवार, 29 जून 2018

# स्वच्छता अभियान निरंतर चलता रहेगा : प्रो पंकज जैन

## पीजी कॉलेज की रासेयो व्दारा तेलीनसत्ती में स्वंच्छता अभियान



धमतरी,29 जून (हाईवे चैनल)। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चैबे के निर्देशन में एवं स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप के नोडल अधिकारी प्रो.पंकज जैन एवं ग्रुप लीडर छात्र सत्येन्द्र साहू के मार्गदर्शन में ग्राम तेलीनसत्ती में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। नोडल अधिकारी प्रो.पंकज जैन एवं ग्रुप लीडर सत्येन्द्र साहू के निरंतर मार्गदर्शन में महाविद्यालय के 10 स्वयसेवकों की टीम व्दारा ग्राम तेलीनसत्ती में प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के समस्त छात्र-छात्राओं को स्वच्छता पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन कर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया एवं छात्र-छात्राओं को निरंतर स्वच्छता अपनाने, अपने स्कूल, घर मुहल्ले, गांव एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाये रखने एवं स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। तत्पश्चात् सत्येन्द्र साहू एवं उनका टीम के सदस्य लुकेन्द्र कुमार, प्रेमराज देवांगन, देवेन्द्र पटेल, महेन्द्र साहू ,चुनेश्वर साहू ,कु.मनीषा सिन्हा, कु. प्राची शर्मा, तुषार पाण्डेय, कु.प्रेमलता साहू एवं अन्य छात्र-छात्राओं की टीम ने ग्राम पंचायत से तेलीनसत्ती के प्रत्येक घर-घर जाकर सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु जागरूक किया। सत्येन्द्र साहू के मार्गदर्शन में उनकी टीम के सदस्यों व्दारा ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती में ग्रामवासियों के मध्य चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की उपस्थिति में सभी को गांव के धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक स्थलों, सर्वाजनिक तालाबों, घाटो, कुओं, सड़कों एवं अन्य सभी स्थानों को स्वच्छ रखने, नियमित साफ-सफाई करने, कूड़ा कंचरा को निर्धारित स्थानों में डालकर जलाने के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि वे स्वच्छता को अपना पुनीत कर्तव्य मानकर उक्त दिशा में सदैव अपना योगदान देंगे। तत्पश्चात् छात्र-छात्राओं की 10 सदस्यी टीम ने सती माता मंदिर एवं अन्य स्थानों पर साफ-सफाई कर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती की सरपंच श्रीमती कचरा बाई ध्रुव, उपसरपंच राकेश सिन्हा, प्रधान पाठक सत्यप्रकाश वाणी, धनीराम सिन्हा, ज्ञानेश सिन्हा, सियाराम साहू, भगतूराम साहू, लखनलाल, सोमनाथ साहू, योगेश्वर सिन्हा, पार्वती सिन्हा, नीराबाई, लता विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का सहयोग उक्त अभियान में प्राप्त हुआ। स्वच्छ भारत इंटर्नशीप के नोडल अधिकारी प्रो.पंकज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय व्दारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से "स्वच्छ भारत इंटर्नशीप कार्यक्रम" 01 मई 2018 से 31 जुलाई 2018 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके परिपालन में बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना की 10 सदस्यीय टीम व्दारा उक्त अवधि में 100 घंटे स्वच्छता अभियान ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती में चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं मे स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अंत में प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे के व्दारा उक्त अभियान के शानदार शुरूवात हेतु प्रो.पंकज जैन, ग्रुप लीडर सत्येन्द्र साहू ,देवेन्द्र पटेल, लुकेन्द्र, प्रेमराज, तुषार, प्रेमलता, प्राची, मनीषा, महेन्द्र, चुनेश्वर को बधाईयाँ प्रेषित करते हुए उनके स्वच्छता के सराहनीय योगदान के लिए दिल से सराहना की।

---

श्रीमती पुष्पलता जाधव प्रधानपाठिका उपस्थित थे.

www.navabharat.org

नवभारत 28.06.2018

# स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने किया जागरूक

नवभारत समाचार | धमतरी.

**अभियान**
- तेलीनसत्ती मे स्वच्छता जागरूकता अभियान
- मंदिरो और तालाबो में हुई सफाई



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के निर्देशन में एवं स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप के नोडल अधिकारी प्रो. पंकज जैन एवं ग्रुप लीडर छात्र सत्येन्द्र साहू के मार्गदर्शन में ग्राम तेलीनसत्ती में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया. नोडल अधिकारी प्रो. पंकज जैन एवं ग्रुप लीडर सत्येन्द्र साहू के निरंतर मार्गदर्शन में दिनांक 25 जून 2018 को महाविद्यालय के 10 स्वयसेवकों की टीम व्दारा ग्राम तेलीनसत्ती में प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के समस्त छात्र-छात्राओं को स्वच्छता पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन कर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया [illegible] एवं उनका टीम के सदस्य लुकेन्द्र कुमार, प्रेमराज देवांगन, देवेन्द्र पटेल, महेन्द्र साहू, चुनेश्वर साहू, कु. मनीषा सिन्हा, कु. प्राची शर्मा, तुषार पाण्डेय, कु. प्रेमलता साहू एवं अन्य छात्र-छात्राओं की टीम ने ग्राम पंचायत से तेलीनसत्ती के प्रत्येक घर-घर जाकर सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु जागरूक किया. दिनांक 26 जून 2018 को पुनः सत्येन्द्र साहू के मार्गदर्शन में उनकी टीम के सदस्यों व्दारा ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती में ग्रामवासियों के मध्य चौपाल लगाकर [illegible]

इंटर्नशीप के नोडल अधिकारी प्रो. पंकज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय व्दारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से स्वच्छ भारत इंटर्नशीप कार्यक्रम 31 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है. जिसके परिपालन में बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी की राष्ट्रीय सेवा योजना की 10 सदस्यीय टीम व्दारा उक्त अवधि में 100 घंटे स्वच्छता अभियान ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती में चलाया जा रहा है. उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. अंत में प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के व्दारा उक्त अभियान के शानदार शुरूआत हेतु प्रो. पंकज जैन, ग्रुप लीडर सत्येन्द्र साहू, देवेन्द्र पटेल, लुकेन्द्र, प्रेमराज, तुषार, प्रेमलता, प्राची, मनीषा, महेन्द्र, चुनेश्वर को बधाईयाँ प्रेषित करते हुए उनके स्वच्छता के सराहनीय योगदान के लिए दिल से सराहना की.

PRINCIPAL
Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

# B.C.S. GOVT. PG COLLEGE DHAMTARI (C.G.)

## स्वीप प्रोग्राम ,स्वच्छता ,वृक्षारोपण


नवभारत

पीजी कॉलेज में हुई स्वीप प्रतियोगिता







हरिभूमि - 07-10-2017

पीजी कॉलेज में महाविद्यालय स्तर स्विप प्रतियोगिता

### महाविद्यालय स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता

दिनांक 04/10/2017 से 05/10/2017 तक मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में निबंध,नारा,रंगोली,वाद–विवाद एवं एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।




नवभारत 12-10-2017

स्पर्धा में कॉलेज छात्रों ने बताया मतदान का महत्व

फैक्ट फाइल

■ पीजी कॉलेज में हुई स्वीप प्रतियोगिता

■ विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

SVEEP




अयोजन: पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय स्विप प्रतियोगिता

हरिभूमि 13-10-2017

चुनाव पर युवा वर्ग क्या सोचता है

### जिला स्तरीय स्वीप प्रतियोगिता

दिनांक 10/10/2017 मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले के सभी विजेता छात्र–छात्राओं के मध्य महाविद्यालय में जिला स्तरीय अंतरमहाविद्यालय निबंध,नारा,रंगोली,वाद–विवाद एवं एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया।




## मतदाता सूची में नाम जोडनें संबंधी अभियान

स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत दिनांक 04/07/2017 एवं दिनांक 22/07/2017 को नए व भावी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रपत्र 06 भरवाया गया।







महाविद्यालय में धमतरी सीपना दिवस 'हरियर धमतरी' के अवसर पर वृक्षारोपण करते परिवार।

# स्वीप / स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप



स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप के तहत महाविद्यालय के स्वयंसेवको द्वारा गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए।















महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे,के मार्गदर्शन. स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप के नोडल अधिकारी एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.पंकज जैन एवं प्रो.कोमल प्रसाद यादव के निर्देशन मे स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप के क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किऐ गये उल्लेखनीय कार्य ।









# बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,धमतरी

**मतदाता सूची में नाम जोड़ने अभियान (प्रपत्र 06) 01.01.2019 की स्थिति में**

**आयोजन दिनांक 07 जनवरी 2019**





# सात दिवसीय विशेष शिविर

ग्राम पंचायत-अछोटा,तह.व जिला-धमतरी (छ. ग.)

दिनांक 23/11/2019 से 29/11/2019



